# कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0

संख्या–एम0ई0–3 / यू0जी0–2022 / 25 लखनऊःदिनांक 5 जनवरी, 2023

## यू0पी0 नीट यू0जी0–2022 के अन्तर्गत बी0डी0एस0 पाठ्यकम हेतु द्वितीय मॉप–अप राउन्ड की समय–सारिणी तथा आवश्यक दिशा–निर्देश।

मेडिकल काउन्सिल कमेटी की वेबसाइट पर शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु बी0डी0एस0 पाठ्यकम हेतु जारी किये गये द्वितीय मॉप–अप चक की समय सारिणी के दृष्टिगत प्रदेश के निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेजों में रिक्त बी0डी0एस0 पाठ्यकमों की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु द्वितीय चक के मॉप–अप राउन्ड की ऑनलाइन समय सारिणी निम्नवत् हैः–

| कं0सं0 | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ करने की तिथि | दिनांक 06 जनवरी 2023 पूर्वाहन 11:00 बजे से दिनांक 07 जनवरी 2023 अपरान्ह 2:00 बजे तक |
| 2 | रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करने की तिथि | दिनांक 06 जनवरी 2023 पूर्वाहन 11:00 बजे से दिनांक 07 जनवरी 2023 सायं 6:00 बजे तक |
| 3 | सिक्योरिटी फीस जमा करने की तिथि | दिनांक 06 जनवरी 2023 पूर्वाहन 11:00 बजे से दिनांक 07 जनवरी 2023 तक |
| 4 | ऑनलाइन अभिलेखों का सत्यापन | दिनांक 06 जनवरी 2023 अपराह्न 02:00 बजे से दिनांक 07 जनवरी 2023 तक |
| 5 | मेरिट लिस्ट जारी किये जाने की सम्भावित तिथि | दिनांक 07 / 08 जनवरी 2023 |
| 6 | ऑनलाईन च्वाईस फिलिंग | दिनांक 09 जनवरी 2023 पूर्वाहन 11:00 बजे से 11 जनवरी 2023 पूर्वाहन 10:00 बजे तक |
| 7 | परिणाम घोषित करने की तिथि | दिनांक 11 / 12 जनवरी 2023 |
| 8 | आवंटन पत्र डाउनलोड करने तथा प्रवेश लेने की तिथि | दिनांक 12 जनवरी 2023 से 14 जनवरी 2023 |

- मॉप–अप राउन्ड में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को रू0 1000 / – पंजीकरण शुल्क ऑन–लाइन प्रकिया से नेट बैंकिग / डेबिट कार्ड / केडिट कार्ड के माध्यम से जमा करते हुये एन0आई0सी0 की वेबसाईट https://upneet.gov.in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- प्रथम मॉप–अप से आवंटित / प्रवेशित अभ्यर्थी द्वितीय मॉप–अप हेतु अर्ह नही होंगे।
- प्रथम मॉप–अप से पंजीकृत अभ्यर्थियों को द्वितीय मॉप–अप में पंजीकरण कराने की आवश्यकता नही है। द्वितीय मॉप–अप की मेरिट, मॉप–अप–1 एवं मॉप–अप–2 से पंजीकृत अभ्यर्थियों को मिलाकर संयुक्त रूप से घोषित की जायेगी।
- द्वितीय मॉप–अप राउन्ड हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होगे, जिन्हे यू0पी0 नीट यू0जी0 2022 की प्रथम, द्वितीय, मॉप–अप कांउसिलिंग एवं विस्तारित मॉप के द्वारा कोई भी सीट आवंटित न हुई हो।
- ऐसे अभ्यर्थी जो आल इण्डिया कोटा अथवा अन्य प्रदेशो की काउन्सिलिंग से किसी भी मेडिकल कालेज / संस्थान / विश्वविद्यालय में नीट यू0जी0–2022 के माध्यम से प्रवेशित है, वह अर्ह नहीं होंगे।
- **निजी क्षेत्र की बी0डी0एस0 पाठ्यकम की सीटों हेतु रू0 1,00,000 / – (रू0 एक लाख) की सिक्योरिटी धनराशि ऑन–लाइन प्रकिया से नेट बैंकिग / डेबिड कार्ड / केडिट कार्ड के माध्यम से जमा किया जाना अनिवार्य है।**
- **जिन अभ्यर्थियो द्वारा प्रथम, द्वितीय चक व मॉप–अप काउन्सिलिंग मे सिक्योरिटी जमा की गयी थी और उन्हें किसी भी सीट पर आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें पुनः सिक्योरिटी जमा करने की आवश्यकता नहीं है।**
- प्रथम मॉप–अप से पंजीकृत अभ्यर्थी जिनके प्रमाण पत्र सत्यापित नही है, ऐसे अभ्यर्थियों के लिये प्रमाण पत्र अपलोड करते हुये अपने प्रमाण पत्रो को सत्यापित कराया जाना अनिवार्य होगा।
- प्रथम मॉप–अप से पंजीकृत अभ्यर्थी जो पंजीकरण शुल्क एवं सिक्योरिटी धनराशि जमा नहीं कर पाये थे, वह अभ्यर्थी पंजीकरण शुल्क एवं सिक्योरिटी धनराशि जमा कर प्रतिभाग कर सकते है।
- **च्वाइस फिलिंग हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होंगे, जिनकी पंजीकरण शुल्क, सिक्योरिटी शुल्क जमा होगा एवं प्रमाण पत्र सत्यापित होंगे।**
- **द्वितीय मॉप–अप राउण्ड से आवंटित अभ्यर्थियो की प्रवेश–प्रकिया आवंटित डेन्टल कालेज पर पूर्ण की जायेगी।**
- द्वितीय मॉप–अप राउन्ड की प्रवेश प्रकिया के समय अभ्यर्थी को समस्त शैक्षिक, जाति प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक प्रपत्र मूलरूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
- अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट https://upneet.gov.in & www.dgme.up.gov.in पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

**महानिदेशक**